न्यायालय उपखण्ड अधिकारी,नैनवॉ जिला बून्दी(राज0)

प्रार्थना–पत्र संख्या :–18 / 2025
GCMS NO:- 2025/194

दायर दिनांक: 04.07.2025
पीठासीन अधिकारी :– श्रीमती प्रीति मीणा

1. इन्द्रपाल आ0 रामकुंवार जाति माली नि0 सादेडा तहसील नैनवॉ।
2. बद्री आ0 कल्याण जाति माली नि. सादेडा तहसील नैनवॉ।
3. सत्यनारायण आ0 मोती जाति मीना नि0 सादेडा तहसील नैनवॉ।
4. रामधन आ0 कल्याण जाति माली नि0 सादेडा तहसील नैनवॉ।
5. पाना पुत्री रामकुंवार जाति माली नि0 सादेडा तहसील नैनवॉ।
6. भूरी पुत्री मोत्या जाति काली नि0 सादेडा तहसील नैनवॉ।
7. खानी पुत्री कल्याण जाति माली नि0 सादेडा तहसील नैनवॉ।
8. राजकंवर पत्नी रघुवीरसिंह राजपूत नि0 सादेडा तहसील नैनवॉ।

प्रार्थीगण

बनाम

भूमिधारी जर्ये तहसीलदार साहब, नैनवॉ तहसील नैनवॉ जिला बून्दी।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्रः– अंतर्गत धारा 111, 128 एल आर एक्ट

उपस्थितिः–
प्रार्थीगण की ओर से अभिभाषक श्री रामबाबू शर्मा।

निर्णय दिनांक 29.07.2025

संक्षेप में प्रार्थना पत्र का कथन इस प्रकार है कि ग्राम सादेडा प.म. सादेडा मे खाता संख्या 146 की खसरा नम्बर 364 रकबा 3.1308 हैक्टयर भूमि स्थित है तथा इसी प्रकार ग्राम सादेडा मे खाता संख्या 157 की खसरा नम्बर 236, 237, 238, 244, 245, 246, 247, 509 कुल किता 8 कुल रकबा 4.7569 हैक्टयर भूमि स्थित है एवं इसी प्रकार ग्राम सादेडा मे खाता संख्या 78 की खसरा नम्बर 266 रकबा 2.4270 हैक्टयर भूमि स्थित है तथा इसी प्रकार ग्राम सादेडा मे खाता संख्या 8 की खसरा नम्बर 267 रकबा 0.6148 हैक्टयर भूमि स्थित है एवं इसी प्रकार ग्राम सादेडा मे खाता संख्या 187 की खसरा नम्बर 265 व 949/265 कुल किता 2 कुल रकबा 1.2459 हैक्टयर भूमि स्थित है तथा इसी प्रकार ग्राम सादेडा मे खाता संख्या 158 की खसरा नम्बर 234, 234/853 कुल किता 2 कुल रकबा 0.8495 हैक्टयर भूमि स्थित है जिस पर प्रार्थीगण का कब्जा काश्त चला आ रहा है।

यह कि प्रार्थना पत्र की चरण संख्या 1 मे वर्णित भूमियों के आसपास के पडौसी खातेदारान प्रार्थीगण की भूमियों की सीमाओं को लेकर विवाद करते रहते है तथा आये दिन लडाई झगडा करते है तथा दिनांक 20.06.2025 को प्रार्थीगण के साथ सीमाबंदी को लेकर लडाई झगडा करने को तैयार हो गये। प्रार्थीगण ने अपने प्रार्थना पत्र के समर्थन में नकल जमाबन्दी पेश कर अन्तर्गत धारा 111, 128 एलआर एक्ट के तहत् पत्थरगढी करवाये जाने का आदेश प्रदान करने का निवेदन किया। पत्रावली दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को जरिये नोटिस तलब किया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया तथा पाया कि पत्रावली मे प्रार्थी अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना पत्र मे वर्णित भूमि जो कि प्रार्थीगण के खाते मे दर्ज रिकॉर्ड है, की पत्थरगढी करवाये जाने का निवेदन किया गया है। चुंकि उक्त प्रार्थना पत्र एक समरी ट्रायल प्रार्थना पत्र है तथा प्रार्थना पत्र मे वर्णित भूमियां प्रार्थीगण के खाते मे दर्ज रिकॉर्ड है तथा प्रार्थना पत्र मे उक्त भूमियों पर प्रार्थीगण का ही कब्जा काश्त होना बताया गया है अतः प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नैनवॉ को आदेशित किया जाता है कि ग्राम सादेडा प.म. सादेडा मे खाता संख्या 146 की खसरा नम्बर 364 रकबा 3.1308 हैक्टयर भूमि स्थित है तथा इसी प्रकार ग्राम सादेडा मे खाता संख्या 157 की खसरा नम्बर 236, 237, 238, 244, 245, 246, 247, 509 कुल किता 8 कुल रकबा 4.7569 हैक्टयर भूमि स्थित है एवं इसी प्रकार ग्राम सादेडा मे खाता संख्या 78 की खसरा नम्बर 266 रकबा 2.4270 हैक्टयर भूमि स्थित है तथा इसी प्रकार ग्राम सादेडा मे खाता संख्या 8 की खसरा नम्बर 267 रकबा 0.6148 हैक्टयर भूमि स्थित है एवं इसी प्रकार ग्राम सादेडा मे खाता संख्या 187 की खसरा नम्बर 265 व 949/265 कुल किता 2 कुल रकबा 1.2459 हैक्टयर भूमि स्थित है तथा इसी प्रकार ग्राम सादेडा मे खाता संख्या 158 की खसरा नम्बर 234, 234/853 कुल किता 2 कुल रकबा 0.8495 हैक्टयर भूमि पर यदि प्रार्थीगण का कब्जा पाया जाता है तो नायब तहसीलदार अथवा भू–अभिलेख निरीक्षक स्तर के अधिकारी की टीम गठित कर व आवश्यक हो तो पुलिस इमदाद प्राप्त कर नियमानुसार शुल्क राजकोष में जमा करने पर पत्थरगढी किये जाने के आदेश दिये जाते है।

निर्णय आज दिनांक 29.07.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर हस्ताक्षर कर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

उपखण्ड अधिकारी नैनवॉ